हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

4
महतारी वंदनः ई-केवाईसी कराने तपती दोपहरी में हो रही मशक्कत





## खबर संक्षेप

### 123 गजराजों के विचरण से ग्रामीणों की बढ़ी चिंता

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की बढ़ती संख्या ने स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। वर्तमान में जिले में कुल 123 हाथियों की मौजूदगी दर्ज की गई है, जो इस क्षेत्र के लिए एक रिकॉर्ड संख्या है। सबसे ज्यादा तनावपूर्ण स्थिति छाल रेंज में हैए जहां 35 हाथियों का एक विशाल दल गांव के करीब विचरण करते हुए देखा गया है। हाथियों के इस दल का एक वीडियो भी सामने आया हैए जिसमें वे जंगल और रिहायशी इलाके की सीमा पर घूमते नजर आ रहे हैंए जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। ऐसे में वन अमला प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी करते हुए ग्रामीणों को सतर्क करने में लगा हुआ है। वन विभाग की टीमें अलर्ट पर हैं और 24 घंटे निगरानी रख रही हैं। ग्रामीणों को शाम के बाद घरों से बाहर न निकलने और हाथियों के करीब न जाने की सख्त हिदायत दी गई है। वहीं हाथी मित्र दल को भी अलर्ट रहने को कहा गया है। वर्ष 2026 में रायगढ़ जिले में अब तक हाथी के हमले से 3 लोगों की मौत और दर्जनों घरों के टूटने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ऐसे में किसान फसल को लेकर चिंतित हैं।

### एनटीपीसी लारा में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा

**रायगढ़।** ग्रीष्म ऋतु की आगमन के साथ आगजनी की जैसी घटना घटित होते हुए जान माल का नुकसान होता है। ऐसी घटना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एनटीपीसी लारा प्लांट के केऔसुब अग्निशमन केन्द्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर सुभाष ठाकुर परियोजना प्रमुख एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, उप कमाण्डेंट महावीर सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट अग्नि देवेन्द्र नाथ सिंह और सीआईएसएफ के अन्य अधिकारीगण और बल सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा अग्निशमन सेवा का शुभारम्भ किया गया तथा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बॉम्बे डॉक यार्ड में आगजनी से शहीद हुए फायर ब्रिगेड के सभी कर्मचारियों के सम्मान में शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सप्ताह के अन्तगत होने वाले प्रोग्राम के बारे में बताया गया जिसमें स्कूल के बच्चें, महिलाए, वर्करस और अन्य एजेंसियो को अग्नि से होने वाले नुकसान से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रथम चरण में 7 हजार से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई

**रायगढ़।** जिलेभर में संचालित इन शिविरों के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही करते हुए हजारों नागरिकों को राहत प्रदान की गई है, जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। प्रथम चरण के अंतर्गत कुल 7,125 आवेदनों में से 4 हजार से अधिक प्रकरणों का सफल निराकरण किया जा चुका है। यह उपलब्धि सुव्यवस्थित योजना, विभागीय समन्वय तथा सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है, जिसने जनसेवा को परिणाममुखी स्वरूप प्रदान किया है। विकासखंड स्तर पर भी निराकरण की प्रक्रिया प्रभावी रही। मुकड़ेगा और कापू में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई, जहां बड़ी संख्या में आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही छाल, तमनार, खरसिया एवं पुसौर में भी सक्रिय कार्रवाई के माध्यम से नागरिकों को राहत पहुंचाई गई हैए जो प्रशासनिक तत्परता को दर्शाता है। प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान के अंतर्गत तमनार, मुकड़ेगा, छाल, पुसौर एवं कापू जैसे सुदुर वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर प्रशासन ने अपनी पहुंच सीधे नागरिकों तक सुनिश्चित की। इसके साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी एक ही मंच के माध्यम से जनसमस्याओं का निराकरण किया गया, जिससे नागरिकों को जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं पड़ी और उन्हें उनके ही क्षेत्र में त्वरित सेवाएं प्राप्त हुईं।

# अपराध की दहलीज पर नाबालिगों के पांव, 3 साल में ही दोगुनी हुई विधि से संघर्षरत बालकों की संख्या

**लूटपाट हत्या जैसे जघन्य मामलों में भी बढ़ी संलिप्तता**

प्रतीक मिश्रा ▷▷ रायगढ़

वर्तमान परिवेश में आपराधिक मामलों में नाबालिकों की संलिप्तता काफी बढ़ती जा रही है। मारपीट, छेड़खानी, चोरी लूटपाट से लेकर हत्या व बलात्कार जैसे गंभीर व जघन्य अपराध में नाबालिग इन मामले चल रहे हैं। इसमें सबसे अहम बात यह है कि साल दर साल यह मामले कम होने के बजाए बढ़ रहे हैं जो कि चिंता का विषय का है। वर्ष 2025-26 में ही नाबालिगों द्वारा किए गए अपराधों के 304 प्रकरण दर्ज किए गए।




सभी प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड में चल रहे हैं। इस आधुनिक और तकनीकी युग में नाबालिकों द्वारा भी मोबाइल सहित सोशल मीडिया का उपयोग काफी ज्यादा किया जा रहा है। मोबाइल में विश्व के ज्ञान के साथ ही अपराधिक दुनिया में धकेलने वाले कटेंट भी भरपूर हैं। जिसकी वजह से वर्तमान में काफी अधिक संख्या में नाबालिक आपराधिक कृत्यों में संलिप्त हो रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2022 में ही नाबालिगों द्वारा किए गए विभिन्न अपराधों के करीब 140 मामले प्रस्तुत किए गए थे। जबकि 2023 में यह आंकड़ा बढ़ कर 255 हो गया और 2025-26 में तो 304 तक जा पहुंचा। इन बढ़ते आंकड़ों से पता चलता है कि बीते 4 वर्षों में औसतन हर साल 235 नाबालिगों ने अपराध की दुनिया में न सिर्फ पहला कदम रखा, बल्कि हत्या, बलात्कार और लूटपाट जैसे जघन्य अपराध को भी अंजाम दिया। आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 से लेकर 2025 तक कुल 941 प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड में दर्ज किए गए हैं।

#### 144 नाबालिग जघन्य अपराध में शामिल

किशोर न्याय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025-26 में दर्ज किए गए प्रकरणों की संख्या बीते वर्षों की तुलना में सर्वाधिक 304 रही। जिसमें 48 गंभीर और 144 जघन्य अपराधों में संलिप्त रहे। जबकि 31 मार्च की स्थिति में 192 प्रकरण लंबित हैं। मुख्य बात यह है कि साल दर साल नाबालिगों का अपराध की दुनिया से नाता और गहरा होता जा रहा है, जो कि बड़ी चिंता का विषय है।

बीते कुछ सालों में नाबालिगों द्वारा किए गए अपराध के प्रकरणों में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2025-26 में कुल 304 प्रकरण दर्ज किए गए थे, जिसमें से वर्तमान में 192 प्रकरण लंबित हैं।

**एलआर कच्छप**
डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग

#### फैक्ट फाइल

| वर्ष | प्रकरण |
|---|---|
| 2022-23 | 140 |
| 2023-24 | 255 |
| 2024-25 | 242 |
| 2025-26 | 304 |

## वेदांता में बॉयलर हादसा, 30 से अधिक का अस्पताल में चल रहा इलाज

# थोक में पहुंचे घायल श्रमिक आईसीयू में कम पड़ गए बेड




गंभीर रुप से घायल श्रमिकों को शिफ्ट करते अस्पतालीन कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पड़ोसी जिला सक्ती के सिंघीतराई वेदांता पॉवर प्लांट में बॉयलर हादसे के बाद घायलों को तत्कालिक तौर पर खरसिया अस्पताल ले जाया गया वहां बेड कम पड़ने पर दर्जन भर से अधिक को जिंदल अस्पताल रायगढ़ और मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट करना पड़ा। इसके अलावा 6 श्रमिकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया।

मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे आसपास प्लांट में बॉयलर के फटने से यह हादसा हुआ। हादसे के बाद अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। वहां काम कर रहे कई श्रमिक जमीन में गंभीर अवस्था में झुलसे हुए मिले और कुछ की मौत मौके पर ही हो गई। हादसे के बाद घायलों को किसी तरह बाहर निकाला गया। जहां से उन्हें बस और कार में जिंदल अस्पताल और खरसिया स्थिति पदमावति अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खरसिया स्थित अस्पताल में 11 श्रमिक और जिंदल अस्पताल में 18 श्रमिकों को भर्ती कराया गया है, जिसमें से खरसिया अस्पताल में इलाज के दौरान तीन और फोर्टिस अस्पताल में तीन श्रमिकों की मौत होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद करीब 30 से अधिक घायल श्रमिकों को रायगढ़ लाया गया। जिंदल अस्पताल में वेंटिलेटर की कमी की वजह से तीन घायल श्रमिकों को मेडिकल कॉलेज, कुछ घायलों को मेट्रो में रेफर किया गया। मेट्रो में भर्ती करीब 6 घायलों को बिलासपुर रेफर किया गया है। वहीं मेडिकल कॉलेज से चार वेंटिलेटर, जिंदल फोर्टिस भेजा गया है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्तमान में करीब 30 वेंटिलेटर हैं। बताया जा रहा है कि जरुरत को देखते हुए और भी वेंटिलेटर जिंदल अस्पताल में भेजे जा चुके हैं। वहीं दूसरी ओर मृतकों की संख्या 10 हो चुकी है।

#### ठेका कंपनी कर रही थी यूनिट का संचालन

मंगलवार 14 अप्रैल को सिंघीतराई स्थित वेदांत पावर प्लांट में हुए हादसे के संबंध में प्लांट प्रबंधन ने जारी बयान में कहा है कि विद्युत संयंत्र की 600 मेगावॉट यूनिट.1 में दुर्घटना हो गई। यूनिट का परिचालन ठेका कंपनी एनजीएसएल द्वारा किया जा रहा है। इस दुर्घटना में एनजीएसल के दुर्घटना प्रभावित ठेका कर्मचारियों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। मेडिकल टीमों और स्थानीय प्रशासन के समन्वयन में प्रभावित ठेका कर्मचारियों की हरसंभव मदद की जा रही है। संयंत्र प्रबंधन ने अपने संदेश में प्रभावित ठेका कर्मचारियों के प्रति संवेदना जताई है। घटना की छानबीन के लिए ठेका कंपनी के साथ विद्युत संयंत्र प्रबंधन द्वारा जांच समिति गठित करने की भी जानकारी दी है।

घायल श्रमकों को जिंदल फोर्टिस सहित खरसिया स्थित सिविल अस्पताल में और अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया। चिकित्सक सभी घायलों का इलाज कर रहें है। जिला प्रशासन भी इस घटना पर नजर बनाए हुए हैं।

**महेश शर्मा**
एसडीएम, रायगढ़

## सुंदर वधु दिलाने के नाम पर ठगी, 77 सौ लोगों को एक करोड़ से अधिक का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



सुंदर वधु दिलाने के नाम पर परिवहन सुविधा केंद्र एवं कम्प्यूटर संस्थान में चल रहे ठगी के कारोबार का भांडाफोड़ करने के साथ पुलिस की जांच दूसरी दिन भी जारी रही। इस दौरान पुलिस ने 55 मोबाइल, 13 लैपटॉप, 2 प्रिटर सहित 3 बैंक खाते बरामद कर जब्त किया। जांच में 7 हजार 693 लोगों से कुल 1 करोड़ 11 लाख 36 हजार रूपए की ठगी करने की पुष्टि हुई है। मामले में संचालक समेत 26 युवतियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि सोमवार की दोपहर दरोगा पारा स्थित निधि परिवहन सुविधा केन्द्र और शांति देवी सोसायटी ऑफ एज्युकेशन में पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक यहां फर्जी मेट्रीमोनियल साइट्स के माध्यम से लोगों को सुंदर वधु दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग प्रक्रियाओं के नाम पर फीस लेकर ठगी करने के मामले में इस गिरोह के मास्टर माइंस कपिल गर्ग और उसकी सहयोगी युवती हिमांशु मेहर सहित 26 युवतियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार किया गया। मामले में दूसरे दिन पुलिस टीम जांच में जुटी रही। पुलिस ने बताया कि अब तक की कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से 55 मोबाइल, 13 लैपटॉप, 2 प्रिंटर और 3 बैंक खाते बरामद कर जब्त किए गए हैं। उक्त तीनों खाते दोनों मुख्य आरोपियों के बताए जा रहे हैं, लेकिन पुलिस को आशंका है कि इस अपराध में म्यूल खातों का भी इस्तेमाल किया गया होगा। अब तक की कार्रवाई में सामने आया है कि इस गिरोह ने 7 हजार 693 लोगों को ठगी का शिकार बनाया है और उनसे 1 करोड़ 11 लाख 36 हजार रूपए ऐंठ लिए हैं। हालांकि कार्रवाई जारी है, ऐसे में पीड़ितों की संख्या और ठगी की रकम भी बढ़ सकती है।

#### मिलने की अनुमित मांगने एसएसपी के समक्ष पहुंचे परिजन

इस छापेमार कार्रवाई की सूचना मिलते ही यहां कार्यरत युवतियों के परिजन मौके पर पहुंच गए और उनसे मुलाकात करने की मांग करने लगे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया और पूछताछ किए जाने का हवाला देते हुए इंतजार करने को कहा गया। ऐसे में परिजनों ने रात भर इंतजार किया। परिजनों की मानें तो यहां किस तरह का काम होता था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। वे नहीं जानते थे कि यहां गैरकानूनी काम होते हैं। मंगलवार की दोपहर तक जब उनकी मुलाकात नहीं हो सकी, तब दोपहर को परिजन एसएसपी से मिलने पहुंचे। जहां एसएसपी ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि न्यायालय के फैसले का इंतजार कर सकते हैं, लेकिन कानूनी कार्यवाही जारी रहेगी।

#### विदेशों से जुड़े ठगी के तार

जांच के संबंध में बताया गया कि शादी के लिए लड़की ढूंढ रहे ज्यादातर युवक अलग-अलग राज्यों से थे, लेकिन इसमें कुछ मलेशिया सहित अन्य देशों के युवक भी इनके झांसे में आकर ठगी का शिकार हो गए। यहां युवतियां लोगों को लकड़ी दिखाने, उससे बात करने, उससे मिलवाने और यहां तक की उसकी फोटो दिखाने के नाम भी अलग-अलग रजिस्ट्रेशन फीस लेते थे। यहां बैठी युवतियां ही अपनी भूमिका बदल कर युवकों से बात करते हुए उन्हें झांसे में लेती थी। जिसके बाद मिलने की बात होती थी, लेकिन यह सिर्फ ठगने का तरीका होता था।

अब तक की गई जांच में केन्द्र का संचालक और उसकी सहयोगी सहित 26 युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में मोबाइल, लैपटॉप, और बैंक पासबुक जब्त किया गया हैं। 7 हजार 693 लोगों के साथ 1 करोड से अधिक की ठगी की गई है।

**शशि मोहन सिंह**
एसएसपी, रायगढ़।

## डबल डील का खेलः पहले बिकी जमीन फिर बेची, महिला से 25 लाख की ठगी

**रायगढ़।** जमीन खरीदने के नाम पर एक महिला से 25 लाख रुपए से अधिक की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

आरोपियों ने पहले ही बेची जा चुकी जमीन का दोबारा सौदा कर महिला को चूना लगा दिया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नावापारा निवासी अंजनी नायक जमीन खरीदने की तलाश में थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात लक्ष्मण पटेल से हुई, जिसने उसे छोटे देवगांव स्थित एक जमीन दिखाई और भू.स्वामी के रूप में नूतन पटेल से मिलवाया। नूतन ने खुद को जमीन का मालिक बताते हुए दिसंबर 2024 में सौदा तय किया और एडवांस के तौर पर 22.50 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद आरोपियों ने रजिस्ट्री कराने में लगातार टालमटोल शुरू कर दी। 23 अक्टूबर 2025 को नया इकरारनामा बनवाकर केसीसी लोन का बहाना बनाया गया और 2.34 लाख रुपए और वसूल लिए। इस तरह कुल 25.14 लाख रुपए लेने के बावजूद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। मामले का खुलासा तब हुआ जब अंजनी नायक ने छोटे देवगांव के पटवारी से जानकारी ली। जांच में पता चला कि संबंधित जमीन के खसरा नंबर 112.05 की 0.550 हेक्टेयर और खसरा नंबर 111.08 की 0.087 हेक्टेयर भूमि को 5 अक्टूबर 2020 को ही बिक्री नकल के माध्यम से बेचा जा चुका था और उसकी विधिवत रजिस्ट्री भी हो चुकी थी।

## शराब के नशे में धुत होकर शिक्षक पहुंचा स्कूल, शिकायत के बाद निलंबित

### लैलूंगा विकासखंड के छातासराई प्राथमिक शाला का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

लैलूंगा विकासखंड के छातासराई प्राथमिक शाला में पदस्थ एक सहायक शिक्षक शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल पहुंचने के मामले में शराबी शिक्षक पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है।

जब सहायक शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा तो नशे की हालत में लड़खड़ाते हुए देख उसका किसी ने वीडियो बना दिया और उसे वायरल कर दिया। जिसके बाद इस शिक्षक पर कार्रवाई की मांग भी उठने लगी। छातासराई प्राथमिक शाला में सहायक शिक्षक के रूप में पदस्थ कुष्टोराम भोय अक्सर शराब के नशे में स्कूल पहुंच जाता था, जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। जब इस बात की जानकारी जब शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व पालकों सक्रिय हुए और संकुल समन्वयक को लिखित शिकायत करते हुए शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जब शिक्षक से पूछा गया तो उसने बताया कि उसके घर में मेहमान आए थे, तभी उसने शराब पी और नशे की हालत में वह स्कूल पहुंच गया। इसी हालत में वह कक्षा में दाखिल हुआ और विद्यार्थियों से अनगर्ल बातें करने लगा। जिसके बाद इस शिकायत के आधार पर बीईओ की रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उसे निलंबित कर दिया।



**फिटनेस तो दूर तरीके से हैडलाइट, इंडीकेटर तक नहीं**

## सरपट दौड़ रहे निगम के अंधे-काने वाहन, अधिकांश गाड़ियां अनफिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

नगर निगम की अधिकांश गाड़ियां अनफिट दौड रही हैं। इन वाहनों का फिटनेस कराने को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को फुर्सत नहीं है। वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही इन अनफिट गाड़ियों का ना तो अब तक चालान कटा है और ना ही विधिवत कार्यवाही की गई है। नगर निगम में चलने वाली कई गाड़ियों के हेडलाइट टूटे हुए हैं, तो कई गाड़ियों में बैक लाइट और इंडिकेटर तक नहीं हैं।

आमतौर पर शहर के भीतर यातायात पुलिस और शहर के बाहर आरटीओ गाडियों की फिटनेस की जांच करता है। गाडियों की फिटनेस और पीयूसी नहीं होने पर जुर्माना भी लगाया जाता है, लेकिन नगर निगम की अनफिट गाडियों पर आज तक किसी की नजर नहीं पड रही है। वर्तमान में नगर निगम के पास 50 से अधिक गाडियां हैं। इनमें से करीब एक दर्जन खराब है। कई गाड़ियों के इंजन में तकनीकी खराबी आने की वजह से मरम्मत के लिए इन गाड़ियों को गैरेज भेजा गया है। वहीं जिन गाड़ियों का उपयोग नगर निगम अमला कर रहा है, उनमें से अधिकांश गाड़ियों की स्थिति ठीक नहीं है। कुछ गाड़ियां तो ऐसी हैं जो अब किसी काम की नहीं हैं। इन गाड़ियों को बनाने में काफी खर्च होने की बात कही जा रही है। इसकी वजह से भी महिनों से कुछ गाड़ियां गैरेज मे ही पड़ी हुई है। इसके अलावा कुछ गाड़ियों से काफी धुआं निकलता है, इन गाड़ियों का शुरू से ही पीयूसी नहीं कराया गया है। ऐसे में यह प्रदूषण भी फैलाते हुए शहर की सड़कों पर दौड़ती हैं। नगर निगम में चलने वाली कई गाड़ियों के हैडलाइट, साइड मिरर, बैकलाइट, ब्रेक लाइट आदि टूटे हुए हैं तो कुछ गाड़ियों के वाइपर भी खराब हैं। इसके साथ ही कुछ गाड़ियों में सतर्कता संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं। इसके साथ ही कुछ गाड़ियों के टायर आदि भी खराब हो रहे हैं। तो कुछ गाड़ियों में हार्न तक सही ढ़ंग से काम नहीं कर रहा है।




#### एचएसआरपी भी नहीं लगे

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के तहत वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाना अनिवार्य हैं, बिना एचएसआरपी के वाहनों पर जुर्माने का प्रावधान है। मगर नगर निगम की इन गाड़ियों में ऐसे कई वाहन हैं जिनमें एचएसआरपी नहीं लगाए गए हैं। कुछ वाहनों में तो नंबर प्लेट ही गायब हैं और पेंट के माध्यम से वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर लिखवाए गए हैं।

#### लेनी पड़ेगी जानकारी

निगम में करीब 55 वाहन हैं, जिसमें से ट्रैक्टर और बुल्डोजर पांच साल से अधिक पुराने हैं, किन्तु इनका फिटनेस कब हुआ इसकी जानकारी नहीं है। अन्य कुछ वाहन नए हैं, जिनकी फिटनेस हो चुकी है।

**सूरज देवांगन**
वाहन प्रभारी नगर निगम, रायगढ़।

### बरपाली में लगा क्लस्टर राजस्व शिविर

**सारंगढ़।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से सरिया तहसील के ग्राम पंचायत बरपाली में क्लस्टर राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, 22 आवेदन प्राप्त हुए मौके पर ही 4 आवेदन का निराकरण किया गया तथा 18 प्रक्रिया में है। शिविर स्थल में नामांतरण फौती 12, बटवारा 1, किसान किताब 8, धारा 115 में 15, सीमांकन 2 कुल 38 प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। एसडीएम बंसल ने किसानों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार एवं समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों का संचालन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणाममुखी होना चाहिए, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती हेतु दिया जाएगा निःशुल्क कोचिंग

**जशपुरनगर।** रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को छग रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जायेगा। अतः जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्राप्त करना चाहते है वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन पश्चात रोजगार विभाग के वेबसाईट पर ₹अग्निवीर भर्ती 2028 की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण कि ऑनलाईन आवेदन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सहित आवेदन छग रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकते है। आवेदक को लिखित परीक्षा हेतु प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व ₹रोजगार कार्यालय में पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।

### भूसे के नीचे साल चिरान की तस्करी, पिकअप को किया जब्त



**अम्बिकापुर।** वन विभाग की सख्ती का लकड़ी तस्करों पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है तथा तस्कर बेखौफ होकर इमारती चिरान की तस्करी कर रहे है। सोमवार को वन अधिकारियों ने मैनपाट-सीतापुर मार्ग में ग्राम वंदना स्थित वन नाका के पास अवैध सिल्ली लोड एक पिकअप को जब्त करने में सफलता पाई है। सोमवार को भोर में बिना नंबर के पिकअप को संदिग्ध परिस्थितियों में तेज रफ्तार में घाट से उतरने की सूचना पर वन अमले को वाहन चालक द्वारा लकड़ी तस्करी करने का संदेह हआ। पीछा करने पर वाहन चालक के अन्यत्र भागने की संभावना पर वन अधिकारी श्री प्रशांत ने ग्राम वंदना स्थित वन नाका पर तैनात वनकर्मियों को किसी भी हाल में संदिग्ध पिकअप को रोकने के लिए निर्देशित किया। परिक्षेत्राधिकारी ने वनकर्मियों को यह भी बताया कि मामूली सी भी लापरवाही हुई तो चालक पिकअप लेकर फरार हो सकता है। निर्देश पर वनकर्मियों ने मार्ग से गुजर रहे एक अशोक लिलैण्ड ट्रक को मार्ग पर आड़े खड़ा करवा दिया। आगे का रास्ता बाधित होने के कारण चालक द्वारा संदिग्ध पिकअप को रोकते ही उपस्थित वनकर्मियों ने घेराबंदी कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

### गौ सम्मान अभियान की हुई विशेष बैठक

**सलकाअघिना।** गौ आश्रय धाम अघिना सलका केवटाली कोटेया में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में गौ सेवकों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान गौ आश्रय धाम की संरक्षण टीम के सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। बैठक में मुख्य रूप से 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** दस लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर के माध्यम से पुलिस को क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब की बिक्री होने की जानकारी मिल रही थी। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा 13 अप्रैल को मुखबिर सूचना पर ग्रा1म मिसदा में रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी हेमलाल कश्यप उम्र 35 साल निवासी मिसदा थाना नवागढ़ को अवैध शराब के साथ पकड़ा।

### जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# बिना पंजीयन के चल रहा था क्लीनिक, सील


हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने अवैध रूप से संचालित करने पर गिरांग मोड़ दोड़काचौरा स्थित मां भवानी आरोग्यम संस्था चिकित्सा केंद्र को सील कर दिया है।

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा को निर्देश दिए थे कि जिले में जितने भी अवैध रूप से क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। मौके पर जाकर पंजीयन का सत्यापन करें और जिनके द्वारा वैध दस्तावेज जमा नहीं किया जा रहा है। उन अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं मेडिकल टीम द्वारा विभिन्न संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे अवैध संचालित संस्था को सील किया गया। जानकारी के अनुसार यह संस्था पिछले लगभग 4- 5 सालों से संचालित है। उक्त संस्था लगभग 1 करोड़ के भवन में संचालित है, आसपास के लोगों का कहना है कि क्लीनिक में दूर दराज के भोले भाले ग्रामीणों का इलाज के लिए आना जाना था और संस्था के संचालक द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को धोखा देकर उन्हीं के पैसों से ही भवन का निर्माण कराया गया है।



**वैध पंजीयन का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया मां भवानी आरोग्य संस्था चिकित्सा केंद्र**






### पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए

कलेक्टर ने नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत सभी निजी चिकित्सालयों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत सभी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कहा गया। साथ ही कहा कि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री व्यास ने बिना अनुज्ञापन संचालित हो रहे क्लीनिकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से संचालित मेडिकल संस्थानों की सूची खंड चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश बैठक में दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार, पारदर्शिता एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

### बिना अनुज्ञापन संचालित क्लीनिक पर होगी सख्त कार्रवाईः कलेक्टर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापना अनुज्ञापन अधिनियम, 2010 के अंतर्गत पंजीकृत समस्त निजी चिकित्सालयों के संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला परिवार एवं कल्याण अधिकारी सह नोडल अधिकारी (नर्सिंग होम एक्ट), नोडल अधिकारी (पी.सी.पी.एन.डी.टी.), जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला परियोजना समन्वयक (आयुष्मान भारत), अस्पताल प्रबंधक सहित जिले के सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों के संचालक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, आवश्यक जांच एवं दवाइयों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। बैठक में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष पहचान कर उनकी समय पर सोनोग्राफी कराने तथा प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को योजना के अंतर्गत निःशुल्क सेवाएं प्रदान करने के लिए निजी चिकित्सालयों को निर्देशित किया गया। साथ ही योजना की मासिक रिपोर्ट संस्था-वार प्रस्तुत करने एवं प्रत्येक संस्था को विकासखंडवार मैप कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# नेटवर्क कंपनी में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर ठगी, 6 गिरफ्तार

- बगीचा-सन्ना क्षेत्र के कई ग्रामीण बने शिकार, लाखों की ठगी की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा एवं सन्ना क्षेत्र में "हेडजेक्सफंड"नामक नेटवर्क कंपनी के जरिए रुपए दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में ठगी की रकम लाखों में होने की आशंका जताई जा रही है और पीड़ितों की संख्या भी बढ़ सकती है।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया उर्मिला बाई उम्र 26 वर्ष, निवासी कापू टोली, ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में आरोपियों ने खुद को नेटवर्क कंपनी से जुड़ा बताकर 3 महीने में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। भरोसा दिलाया गया कि यदि रकम दोगुनी नहीं हुई तो ब्याज सहित पैसा वापस किया जाएगा। इस झांसे में आकर प्रार्थिया व उसकी मां सहित कई ग्रामीणों ने लाखों रुपए निवेश कर दिए।

### गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने शिवशंकर राम, मीनी बाई, कालेश्वर राम, अनिल लकड़ा, शिवनाथ राम और नीरा सिंह को गिरफ्तार किया है। इनमें से 5 आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी शिवशंकर राम को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुख्य आरोपी के कब्जे से एक टोयोटा टायजर कार जेएच-01एफ्यू-9460 भी जब्त की गई है।

### ऐसे रचा गया ठगी का जाल

आरोपियों ने पीड़ितों के नाम से कंपनी के वॉलेट में आईडी-पासवर्ड बनाकर दिए, जिसमें रकम डॉलर में दिखती थी। कुछ समय बाद वॉलेट बंद हो गया और जब पीड़ितों ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगे। तब जाकर ठगी का खुलासा हुआ।

### जानें कितनी राशि की हुई ठगी

प्रार्थिया द्वारा कुल 1 लाख 70 हजार रुपए (नकद व फोनपे) तथा उसकी मां द्वारा 40 हजार रुपए आरोपियों को दिए गए थे। इसी तरह अन्य ग्रामीणों से भी बड़ी रकम ठगी गई है।

# 17 को जशपुर प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री साय

### कलेक्टर व एसएसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 17 अप्रैल को जशपुर प्रवास संभावित है। मुख्यमंत्री श्री साय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अंतर्गत राज्य को पीएमजीएसवाय के तहत नए स्वीकृत सड़को का भूमिपूजन प्रस्तावित है। साथ ही जशपुर में बुजुर्गों के डे केयर यूनिट के रूप में विकसित किए गए नवनिर्मित सियान गुड़ी का भी लोकार्पण प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने तेज कर दी हैं।

इस संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने रणजीता स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन की सभी तैयारी समय सीमा में पूर्ण कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसएसपी ने कार्यक्रम में आमजन की बैठक व्यवस्था, आवागमन, पंडाल निर्माण, पेयजल, शौचालय, लाइटिंग, माइक, मंच सजावट एवं सुरक्षा व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दें। साथ ही समुचित कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध रूप से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात कलेक्टर, एसएसपी एवं अन्य अधिकारियों ने भागलपुर रोड स्थित रणजीता स्टेडियम के पीछे विकसित किए गए सियान गुड़ी का भी निरीक्षण किया।

यह केंद्र बुजुर्गों के लिए डे-केयर सुविधा के रूप में विकसित किया गया है, जहां योग, मनोरंजन, पुस्तकालय एवं कौशल विकास जैसी गतिविधियों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा इस सियान गुड़ी के लोकार्पण भी प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक फड़तरे, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नीमगांव में शुरू हुई जल संरक्षण की सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देशन में मोर गांव मोर पानी महाअभियान और जल जागृति जशपुर के तहत जल संकट की बढ़ती चुनौती को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण और संवर्धन हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे है।

इसी तारतम्य में जशपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत नीमगांव के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल संरक्षण का संकल्प लिया है। ग्राम पंचायत, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांव में जल संरक्षण की एक व्यापक पहल की शुरुआत की गई है। इस अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, तालाबों एवं कुओं की सफाई, 5 प्रतिशत जल संरक्षण मॉडल तथा नए सोख्ता गड्ढों के निर्माण जैसे कार्य किए जा रहे हैं, सभी हैंड पंपों में सोखता गड्ढा निर्माण, नालियों की सफाई, रिचार्ज पिट, रैन



वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण कर ग्रामीणों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करने और वर्षा जल के संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि "जल ही जीवन है, और इसके संरक्षण के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। हम सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया है कि जल की एक-एक बूंद को बचाएंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखेंगे। ग्राम पंचायत में जल संरक्षण हेतु सभी मिलकर प्रयासरत है, बारिश के पानी को सहेज के रखना हमारी जिम्मेदारी है। इस पहल में युवाओं, महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा रहा है, जिससे यह अभियान एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है। ग्राम पंचायत ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। यह पहल न केवल नीमगांव को जल संकट से बचाने में सहायक होगी, बल्कि अन्य गांवों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनेगी। नीमगांव में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जशपुर, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, तकनीकी सहायक, बी पी एम एन आर एल एम, विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, सरपंच, सचिव, स्व सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।



### मृत पशुओं और ग्राम के पशुओं का नमूना एकत्र करने जांच टीम गठित

**जशपुरनगर।** ग्राम रजौटी कलिबा एवं कुरकुंगा में पशुओं की मृत्यु का कारण जानने मृत पशुओं और ग्राम के पशुओं का नमूना एकत्र करने और किस कारण से पशुओं की मृत्यु हो रही है इसके लिए जांच टीम गठित की की गई है। टीम में डॉ. सीएस चन्द्राकार, अतिरिक्त उप संचालक, प्रभारी जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला जशपुर डॉ. नरोत्तम गोपाल, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, चल चिकित्सा इकाई जशपुरनगर, डॉ. सुधीर कुमार मिंज, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सालय कुनकुरी, डॉ. पारोश्री दिनकर, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, विकासखण्ड कुनकुरी को शामिल किया गया है। जांच टीम के द्वारा पशु मृत्यु की जॉच एवं नमूना एकत्र करने हेतु तथा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। पशुपालन विभाग के उप संचालक ने बताया कि दूरभाष पर डॉ. सुधीर कुमार मिंज, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, प.चि. कुनकुरी के द्वारा सूचना दी गई है कि विकासखण्ड कुनकुरी के अंतर्गत ग्राम रजौटी, कलिबा एवं कुरकुंगा में पशुओं का पेट फूल रहा है तथा मृत्यु के पश्चात नाक से खून का रिसाव हो रहा है। अब तक पशुओं में ऐसे 3 प्रकरण आ चुके है। टीम को संबंधित ग्रामों का प्रभारी जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला जशपुर के साथ उपस्थित होकर दौरा कर मृत पशुओं एवं ग्राम के पशुओं का नमूना एकत्र करें तथा मृत्यु के संभावित कारणों का उल्लेख करते हुए विस्तृत जॉच प्रतिवेदन इस कार्यालय को अनिवार्यतः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

- टीम ग्राम रजौटी कलिबा एवं कुरकुंगा में पशुओं की मृत्यु की करेंगी जांच

# शिविर में 353 मरीजों का निःशुल्क उपचार






**जशपुरनगर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी के निर्देशन में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रारंभ किए गए चक्षु अभियान के तहत विकास खंड जशपुर के ग्राम जुरतेला में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सह अन्य रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार, 12 अप्रैल का 2026 को किया गया।

यह शिविर शासकीय हाई स्कूल जुरतेला के प्रांगण में प्रातः 10:30 बजे ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी एवं वर्तमान अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम जी के चित्रों पर विधिवत पूजन-आरती एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया, जो सायं 4:30 बजे तक अनवरत चलता रहा। शिविर में कुल 353 मरीजों की चिकित्सा की गई, जिसमें 174 के नेत्र परीक्षण के पश्चात 169 मरीजों को तत्काल पावर वाले चश्मे एवं आवश्यक दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। नेत्र परीक्षण की सेवा टीपी कुशवाहा (जशपुर) द्वारा दी गई। शिविर के दौरान चिन्हित 13 मोतियाबिंद के मरीजों को जशपुर जाकर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।अन्य रोगों की चिकित्सा हेतु डॉ. आर.के.सिंह वरिष्ठ सर्जन, जशपुर ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अन्य रोगों से पीड़ति 179 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयाँ दी गईं। शिविर में रक्त शर्करा ,बी पी जाँच की भी व्यवस्था की गई थी। शिविर को सफल बनाने में सत्येन्द्र सिंह, ओम प्रकाश, पीके श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, अखिलेश यादव, सुशील चौधरी, सहित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गुमला के अजय प्रसाद, अजय सिन्हा, सुनील कुमार, आश्रम कुमार, बबलू, गौरी षांडगी, उदय गुप्ता, रूपा चौधरी, महेन्द्र गोप एवं रतनदीप दास का विशेष सहयोग रहा। शिविर की व्यवस्थाओं में कमल दूबे, प्रवीण सिन्हा, सत्यम सिंह नायक, विरेन्द्र सिन्हा सेवा राम, गोवर्धन राम बड़ाइक, रामचंद्र राम का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### राजपुरी नाला पर पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

# क्षेत्रीय विकास को मिलेगा नया आयामः भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा क्षेत्र अंतर्गत रेंगले मार्ग स्थित राजपुरी नाला पर उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन जशपुर विधायक रायमुनि भगत के हाथों संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण परियोजना की कुल लागत 9 करोड़ 15 लाख 14 हजार रुपये निर्धारित की गई है, जिससे क्षेत्र के आवागमन में क्रांतिकारी सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुईं। उनके साथ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भू नाथ चक्रवर्ती,जिला महामंत्री मुकेश शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि रायमुनी भगत ने कहा कि यह पुलिया निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे बरसात के समय आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से लोगों को राहत मिलेगी और




ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने इस विकास कार्य के प्रति जनता के उत्साह और विश्वास को दर्शाया। यह परियोजना आने वाले समय में बगीचा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधा साबित होगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रीना बरला, जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य गेंद विहारी सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हरिश आरिक, महामंत्री पवन सिंह, पार्षद व मंडल महामंत्री राजकिशोर जायसवाल, मंडल प्रभारी केशव यादव, रूपेश सोनी, विजय सहाय, एल.आर. चौहान, जनपद सदस्य सविता नागेश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

फरसाबहार थाना क्षेत्र में प्यार और शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ 12 वर्षों तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी मुकेश पैंकरा उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376, 376(2)(एन) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस के अनुसार, 25 वर्षीय पीड़िता ने 10 अप्रैल को थाना फरसाबहार में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि वर्ष 2014 में, जब वह कक्षा आठवीं की छात्रा थी और उसकी उम्र 14 वर्ष थी, उसी दौरान गांव का ही आरोपी मुकेश पैकरा उसे प्यार और शादी का झांसा देकर बहलाता- फुसलाता रहा। 13 अप्रैल 2014 को आरोपी ने घर में अकेला पाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी लगातार शादी का भरोसा देकर पीड़िता का शोषण करता रहा। जब भी पीड़िता विवाह की बात करती, आरोपी बहाने बनाकर टाल देता था। इस दौरान पीड़िता काम के लिए बाहर भी गई, लेकिन आरोपी वहां भी पहुंचकर उसे वापस ले आता और फिर शोषण करता रहा। शिकायत मिलते ही फरसाबहार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



# बहुत दुख में हूं, शरीर चला गया पर आत्मा साथ रहेगी : बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन इस वक्त आशा भोसले के निधन से बुरी तरह टूट गए हैं और दर्द में हैं। उन्होंने आशा भोसले को याद करते हुए दिल चीर देने वाला पोस्ट लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि आशा जी का शरीर छोड़कर चला गया है, पर उनकी आत्मा हमेशा साथ रहेगी। अमिताभ और आशा जी का बहुत पुराना कनेक्शन था। उन्होंने यह भी लिखा कि इस वक्त वह गहरे शोक में हैं। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'दुख और शोक...एक पूरे युग का अंत हो गया। एक अविश्वसनीय, अद्भुत, विस्मयकारी और विलक्षण हस्ती, कल हमें छोड़कर चली गई। वह थीं महान आशा भोसले जी। मैं बहुत शोक में हूं।

लाइफ Style

# प्रियंका

## ये आवाज हमारी जिंदगी का हिस्सा थीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने दिवंगत सिंगर आशा भोसले को एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दिवंगत सिंगर के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा जिसमें उन्होंने आशा के संगीत जगत, कई पीढ़ियों और संस्कृति पर दिवंगत गायिका के बारे में बात की।

प्रियंका ने लिखा, 'कुछ नुकसान ऐसे होते हैं जो आपके बचपन, आपकी यादों, आपके घर का एक हिस्सा खोने जैसा महसूस कराते हैं। आशा जी हममें से कई लोगों के लिए वैसी ही थीं। उनकी आवाज सिर्फ भारतीय संगीत का हिस्सा नहीं थी, बल्कि यह हमारी लाइफ के बैकड्रॉप का हिस्सा थी। यह हमारे बड़े होने के दौरान हमारे घरों में गूंजती थी, पारिवारिक समारोहों में, दिल टूटने के पलों में, खुशी के पलों में, उन शांत और शोर भरे पलों में जो हमारे एहसास होने से पहले ही यादें बन गए।' आशा जी हममें से कई लोगों के लिए वैसी ही थीं। उनकी आवाज सिर्फ भारतीय संगीत का हिस्सा नहीं थी बल्कि यह हमारी लाइफ के बैकड्रॉप का हिस्सा थी। प्रियंका चोपड़ा ने आगे लिखा है, 'मेरी पीढ़ी और उससे पहले और बाद की कई पीढ़ियों के लिए वह सिर्फ एक ऐसी महान हस्ती नहीं थीं जिनकी हम तारीफ करते थे, बल्कि वो हमेशा साथ थीं। एक ऐसी आवाज जो इतनी शाश्वत थी कि लगता था वह हमेशा हमारे साथ रहेगी। उन शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि किसी ऐसे व्यक्ति को खोने का क्या मतलब है, जिसकी कला ने पूरे देश के भावनात्मक परिदृश्य को आकार देने में मदद की हो।'



हॉलीवुड मसाला




# नशे की लत का इलाज करा रहीं सिंगर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने आपको एक ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती करा लिया है। बताया जाता है कि वह अपने नशे की आदत का इलाज करा रही हैं। हाल ही में हुई गिरफ्तारी के बाद ब्रिटनी स्पीयर्स फिर सुर्खियों में हैं। नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए सिंगर ने खुद को एक ट्रीटमेंट सेंटर में भर्ती करा लिया है। ग्रैमी-विजेता गायिका का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उनके करीबी लोग उनकी सेहत को लेकर चिंता जता रहे थे। स्पीयर्स अपनी नशे की लत छुड़ाने का इलाज करवा रही हैं।



# ऋषि के साथ शेयर की थ्रोबैक तस्वीर...

**मुंबई।** नीतू कपूर ने अपने दिवंगत पति ऋषि कपूर के साथ सगाई की 47वीं सालगिरह पर एक प्यारी थ्रोबैक तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही नीतू ने एक खास नोट भी लिखा है। नीतू कपूर ने इंसटाग्राम स्टोरी पर ऋषि कपूर के साथ अपनी एक खास पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू और ऋषि दोनों बहुत खुश दिख रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों के चेहरों पर प्यारी सी मुस्कान दिखाई दे रही है। नीतू ने इस थ्रोबैक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'आज ही के दिन 1979 में हमारी सगाई हुई थी।' नीतू और ऋषि कपूर की शादी 22 जनवरी 1980 को हुई थी। उस समय यह बॉलीवुड की सबसे महंगी और चर्चित शादियों में से एक थी। शादी में फिल्म इंडस्ट्री के बहुत सारे बड़े स्टार आए थे।



# क्वीन ऑफ क्वींस में आएंगी नजर...

**मुंबई।** अपने बेबाक अंदाज और शानदार अभिनय के लिए पहचानी जाने वालीं काजोल बड़े पर्दे के साथ-साथ अब ओटीटी पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। 'द ट्रायल' वेब सीरीज और 'मां' जैसी महिला प्रधान कहानियों का हिस्सा रहीं काजोल आगामी दिनों में अपनी नई फिल्म 'महाराग्निः क्वीन ऑफ क्वींस' में एक बार फिर दमदार अवतार में नजर आएंगी। हाल ही में 90 के दशक की इस डीवा ने अपने कॅरियर, बॉक्स ऑफिस के दबाव, ओटीटी और अपने निजी विचारों को लेकर खुलकर बात की और कई सवालों के जवाब दिए। 'शुक्रवार का प्रेशर' उन सभी कलाकारों पर होता है, जिनकी फिल्में रिलीज होती हैं। लेकिन, जब शुक्रवार को मेरी फिल्म रिलीज होती है, तो मैं कोई तनाव नहीं लेती। म



# ट्रूडो के साथ सड़क पर रोमांस करती दिखीं कैटी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को कैलिफोर्निया के मशहूर म्यूजिक फेस्टिवल कोचेला में साथ में क्वालिटी टाइम बिताते देखा गया। दोनों के ये कैंडिड मोमेंट्स सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। कैटी पेरी ने कई फोटोज और वीडियोज शेयर किए, जिनमें वह और ट्रूडो हाथ पकड़कर चलते, साथ बैठकर रिलैक्स करते और म्यूजिक एंजॉय करते नजर आए। दोनों का लुक भी काफी सिंपल और कूल था। ट्रूडो जींस और सफेद टी-शर्ट में दिखे, जबकि कैटी सफेद शर्ट, शॉर्ट्स और ब्लैक कार्डिगन में नजर आईं। एक फोटो में दोनों स्नैक्स खाते और रेड सोलो कप से ड्रिंक लेते दिखे, तभी कैमरा फ्लैश से वे थोड़ा सरप्राइज भी हो गए। वहीं कुछ वीडियोज में ट्रूडो, कैटी के पीछे खड़े होकर म्यूजिक का मजा लेते नजर आए। कैटी पेरी ने जस्टिन बीबर के लिए अपनी पुरानी याद भी शेयर की।

टीवी मसाला




# अक्षय ने की अर्चना की खिंचाई हंस-हंसकर जमा कर ली संपत्ति

**नई दिल्ली।** 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का लेटेस्ट एपिसोड काफी धमाकेदार और मजेदार रहा। इसमें अक्षय कुमार ने अर्चना पूरन सिंह की खूब खिंचाई की और खुलासा किया कि हंस-हंसकर एक्ट्रेस ने कितनी संपत्ति जमा कर ली है। उन्होंने हर चीज को बढ़ा-चढ़ाकर बताया, जिससे दर्शक भी हंसने लगे। शो में सान्या मल्होत्रा और राजकुमार राव भी थे, जो अपनी फिल्म 'टोस्टर' को प्रमोट करने पहुंचे थे। उनकी भी हंसी छूट गई। दरअसल, अक्षय ने अर्चना के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में हंस-हंसकर कमाने पर तंज कसा था। अर्चना भी अक्षय कुमार की बातें सुनकर खुद को हंसने से रोक नहीं पाईं। इसका एक प्रोमो भी सामने आया है, जिसे सोनी टीवी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस पर फैंस के भी काफी कमेंट्स आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पहले तो अर्चना सिंह की हंसी की तुलना 'शोले' के गब्बर से की और मजेदार कमेंट किया। वह बोले, '1975 में गब्बर सिंह था, जिसकी हंसी से बच्चों को डराकर सुलाया जाता था। और आज 2026 में अर्चना सिंह, जिनकी हंसी से बच्चे-बच्चे को नींद से उठाया जाता है।' फिर अक्षय ने बढ़ा-चढ़ाकर बताया कि आदमी को हंसने से क्या फायदा होता है और अर्चना ने हंस-हंसकर कितनी तगड़ी संपत्ति जमा कर ली है। वह बोले, 'मुंह पे हंसने से आदमी फंस जाता है, लेकिन आपने मुंह पर हंस-हंसकर जो कमाई की है।

## अभिषेक और प्रियंका में कहासुनी!

**नई दिल्ली।** अभिषेक मल्हान 'बैटलग्राउंड' के नए सीजन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रियंका चाहर चौधरी, जो टीवी शो 'नागिन 7' का हिस्सा हैं, कथित तौर पर रियलिटी शो की होस्टिंग के लिए अभिषेक के साथ शामिल हो गई हैं।



प्रियंका द्वारा पहले अभिषेक को रोस्ट जाने के बाद दोनों के बीच ऑनलाइन विवाद हो गया। बिग बॉस ओटीटी फेम स्टार ने अब प्रियंका के कमेंट का जवाब दिया है और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। अभिषेक मल्हान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा, 'प्रियंका जी कह रही हैं कि रोस्ट करना आता होगा तो करेगा। मैंने कहा, 'इच्छाधारी नागिन जी, ये इच्छा भी आपकी पूरी कर देंगे, आप बैटलग्राउंड में मिलिए हमें।' प्रियंका चाहर चौधरी 'बैटलग्राउंड सीजन 2' में अभिषेक मल्हान और राहुल चौधरी के साथ मेंटर के रूप में नजर आएंगी। इसके अलावा, अभिषेक बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में कंटेस्टेंट थे, जहां वे रनर-अप रहे, जबकि प्रियंका चाहर चौधरी ने बिग बॉस 16 में भाग लिया और टॉप तीन फाइनलिस्ट में से एक रहीं।

# आखिरी गाने के बदले में आशा ने मांगा था यह सामान

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर शमीर टंडन ने आशा भोसले को याद किया है। उन्होंने उनके निधन पर खास तरह से श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने उनकी कई खास बातें बताई हैं। इंस्टाग्राम पर शमीर टंडन ने आशा भोसले के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। एक में वह उनके साथ घर पर हैं, दूसरी में स्टूडियो में हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा 'कल पूरे दिन आपके घर पर आपके पास घंटों बिताने के बाद, आपको खामोश, फिर भी हमेशा की तरह मुस्कुराते हुए और चमकते हुए देखकर मुझे सुकून महसूस हो रहा है। आयरन लेडी आप ठीक वैसे ही हमें छोड़कर गईं जैसा आपने सोचा था।' टंडन ने आगे लिखा 'आशा आई, आप उसी जोश के साथ गाते हुए, हर रोज अपना रियाज करते हुए हमें छोड़कर गईं। आप मेरे लिए पोहा बनाते हुए, कॉफी बनाते हुए हमें छोड़कर गईं। आप अगली रिकॉर्डिंग, अगले कॉन्सर्ट, अगले स्टूडियो विजिट और प्लानिंग करते हुए हमें छोड़कर गईं।' उन्होंने लिखा 'आप मुझे यह कहकर गईं कि आप हमारे आखिरी, अभी तक रिलीज न हुए गाने के लिए एक भी पैसा नहीं चाहती। इसके बजाय, आप चाहती थीं कि मैं आपको एक बड़ी साड़ी की दुकान पर ले जाऊं और आपके लिए एक सुंदर साड़ी खरीदूं। आप ठीक वैसे ही गईं जैसा आपने हमेशा कहा था।'




## फूट-फूटकर रोए दलेर मेहंदी

इंडस्ट्री के लोग भी आशा भोसले के जाने से बहुत दुख में हैं। सिंगर दलेर मेहंदी का भी रो-रोकर बुरा हाल है। वो आशा भोसले को याद कर रोने लगे। उन्होंने कहा, 'बहुत दुख हो रहा है आज। बहुत भारी दिन है ये। कभी सोचा नहीं था कि ऐसा दिन आएगा। रोते हुए आगे दलेर मेहंदी ने कहा, 'बचपन से ही, जब से होश संभाला है, तो एक बहुत बड़ा गाना आया था. सैंया ना डरो...वो गाना आरडीबर्मन का था। सब लोग बहुत दीवाने हो गए थे और जो लोग शास्त्रीय संगीत सुनते थे वो भी गाना सुनकर लोग दंग रह गए। इतनी सुरीली थीं...इतनी अच्छी थीं कि जब भी बात करो तो खुश होकर बात करती थीं।'

# एयरपोर्ट पर चेंकिंग लाइन तोड़ अंदर घुसीं करीना, लोगों का फूटा गुस्सा...

**मुंबई।** हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर करीना कपूर खान को स्पॉट किया गया। लेकिन, इस दौरान अपनी एक हरकत की वजह से लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा है। करीना कपूर को लाइन तोड़कर आगे निकलते देख यूजर्स ने उनकी खूब आलोचना की है। कई लोगों ने इसे सेलिब्रिटीज को मिलने वाले खास ट्रीटमेंट का उदाहरण बताया और इसे अन्य यात्रियों के साथ अन्याय करार दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि करीना मुंबई एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेकिंग की लंबी लाइन को छोड़कर सीधे आगे बढ़ जाती हैं। वे चेकिंग बूथ पर पहुंचकर



अपना पासपोर्ट और आईडी अधिकारी को दिखाती हैं और फिर अंदर चली जाती हैं। इस दौरान बाकी यात्री लाइन में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और लोगों की नाराजगी बढ़ गई.एक यूजर ने लिखा, 'करीना कपूर ने एयरपोर्ट पर लाइन तोड़ी और सीधे गेट की ओर बढ़ गईं। सेलिब्रिटीज को ऐसा करने की छूट क्यों है? उन्हें यह अधिकार किसने दिया? बाकी लोगों को भी फ्लाइट पकड़नी होती है, यह सबके साथ नाइंसाफी है।' दूसरे यूजर ने कहा कि एक साधारण लाइन भी समाज की सच्चाई दिखा देती है। उन्होंने लिखा कि यह दिखाता है कि कुछ लोग खुद को ऊंचा समझते हैं और बाकी को कमतर। कई लोगों ने सवाल किया कि आम आदमी को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, तो सेलिब्रिटीज को यह सुविधा क्यों? वहीं इस मामले में अभी तक करीना कपूर की तरफ से इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि हाल ही में करीना को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल मैच का मजा लेते देखा गया। उनके साथ पति सैफ अली खान और दोनों बेटे भी मौजूद थे. प्रोफेशनल मोर्चे पर करीना कपूर को साल 2024 में फिल्म 'क्रू' और 'सिंघम अगेन' में देखा गया था। अब वे 2026 में रिलीज होने वाली फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी।

# अभी न जाओ छोड़कर... गाकर ताई को किया विदा

एजेंसी ⏭ मुंबई

12 अप्रैल 2026 का दिन भारतीय संगीत के लिए बेहद दर्दनाक साबित हुआ। सुरों की मल्लिका आशा भोसले ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके जाने से पूरा देश शोक में डूब गया- सेलेब्स से लेकर फैंस तक, हर कोई गमगीन नजर आया। 13 अप्रैल की शाम बेटे आनंद भोसले ने आशा के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। सिंगर आशा भोसले का राजकीय सम्मान के साथ शिवाजी पार्क श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उन्हें महाराष्ट्र पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। बॉलीवुड सिंगर्स ने उनका गाना 'अभी ना जाओ छोड़कर' गाकर विदाई दी। सोमवार सुबह उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके मुंबई स्थित उनके निवास कासा ग्रांडे में रखा गया था। उन्हें तिरंगे में लपेटकर सलामी भी दी गई। आशा ताई अब पंचतत्व में विलीन हो चुकी हैं, लेकिन उनकी मधुर आवाज और यादें हमेशा दिलों में जिंदा रहेंगी।





## आशा को याद कर भावुक हुईं हेलेन

हेलेन को कैबरे क्वीन कहा जाता है, उनके अधिकर सभी गाने आशा भोसले ने ही गाए। वो अपने करियर में तरक्की का श्रेय हेलेन को देती हैं। आशा भोसले के पंचतत्व में विलीन होने के बाद हेलेन ने मीडिया से बात की और दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा- मैं जहां हूं उनकी वजह से हूं। अच्छा हुआ मैं रिटायर हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर मुझे सदमा लग गया था। भगवान उनकी खूबसूरत आत्मा को शांति दे।

## गाने गाकर दी श्रद्धांजलि

शान, सुदेश भोसले समेत कई गायकों ने गाने गाकर आशा भोसले को श्रद्धांजलि दी। आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते समय सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग नजर आए।

## पहुंचे कई सेलेब्स

शिवाजी पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार से पहले सोमवार सुबह आशा भोसले के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए मुंबई स्थित उनके निवास 'कासा ग्रांडे' में रखा गया। सचिन तेंदुलकर, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, रितेश देशमुख सहित कई सेलेब्स अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।







## खबर संक्षेप



### शिवलिंग पर उभरी भस्मरूपी आकृति ने बढ़ाई आस्था

**सरसींवा।** सरसींवा के राधाकृष्ण मंदिर चौक में स्थापित शिवलिंग पर एक ऐसी आकृति उभर आई है, जिसे श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की साक्षात भस्मरूपी प्रतिमा मान रहे हैं। इस रहस्यमयी घटना ने पूरे क्षेत्र में श्रद्धा की नई लहर पैदा कर दी है। यह घटना वैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी, 09 अप्रैल की है एक ऐसी तिथि जो इस प्राचीन मंदिर के इतिहास में पहले से ही विशेष महत्व रखती है। मंदिर के शिखर पर ध्वज परिवर्तन का पारंपरिक अनुष्ठान चल रहा था। वातावरण मंत्रोच्चार और श्रद्धा से गूंज रहा था। तभी अचानक शिवलिंग की सतह पर भस्म जैसी परत उभरने लगी और देखते ही देखते उसने एक स्पष्ट आकृति का रूप ले लिया।

### सारंगढ़ अनुविभाग में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़।** सारंगढ़ अनुविभाग में 15 अप्रैल को सारंगढ़ तहसील में सारंगढ़ सहित ग्राम खरवानी बड़े, बरमकेला तहसील के ग्राम बारादावन, धौरादरहा, पिकरीमाल, कमरीद, सराईपाली, पड़कीडीपा, परधियापाली, सरिया तहसील में ग्रामबरपाली, नदीगांव, सुरसी, पोरथ और कोसीर उप तहसील के पाट में राजस्व शिविर किया जाएगा, शिविर में राजस्व कार्य सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि का निराकरण होगा।

### प्रीपॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 17 तक


**सारंगढ़।** युवाओं के उच्च शिक्षा के विभिन्न कोर्स के प्रवेश परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। प्रीपॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल, प्रीबीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल और बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। सभी प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

### रेल संघर्ष की बैठक में मुंबई मेल आजाद हिंद के स्टॉपेज की मांग

**अकलतरा** । स्थानीय रेस्ट हाउस में रेल संघर्ष समिति एवं नगर वासियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुंबई मेल तथा आजाद हिंद के स्टापेज सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ढाई वर्ष पहले हुए आंदोलनों के बाद मुंबई मेल तथा आजाद हिंद ट्रेनों के लिए रेलवे से लिखित में बनी सहमति के बावजूद ट्रेनों के स्टॉपेज की दिशा में कोई प्रगति नहीं होने के खिलाफ क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी है। प्रस्ताव की अन्य मांगों में इंदौर एक्सप्रेस को कोरबा या रायगढ़ तक विस्तारित करने,लाइन उस पार पोड़ी भाटा रोड के किनारे पक्की नाली बनाने, रेक प्वाइंट में पानी का छिड़काव करने,अंडर पास बनाने,मुख्य टिकिट काउंटर की तरह लाइन उस पार भी नया टिकिट काउंटर खोलने तथा नैला साइड की ओर प्लेटफॉर्म नं एक दो तथा तीन चार को जोड़ने हेतु निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज तथा लिफ्ट के कामों में तेजी लाने आदि मांगें शामिल हैं।

## निधन...

### चमेली बाई नायक



**तमनार।** ग्राम डारआमा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश नायक की धर्मपत्नी श्रीमती चमेली बाई नायक का सोमवार 13 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे 3 पुत्री एक पुत्र से भरा पूरा परिवार को रोते बिलखते छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम डारआमा के मुक्तिधाम में किया गया।

### 2 लाख 80 हजार महिलाओं का बैंक खाता होना है अपग्रेड

# महतारी वंदनः ई-केवाईसी कराने तपती दोपहरी में हो रही मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत लाभ पानी वाली महिलाओं का ई.केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में तपती दोपहरी में ई.केवायसी कराने महिलाओं की भीड़ जुट रही है। सुबह से शाम तक बैंक और च्वाईस सेंटरों में मशक्कत शुरु हो गई है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत निर्धारित पात्रता रखने वाली जिले की 3 लाख महिलाओं को पात्रता के अनुसार हर महीने 1 हजार एवं सालाना 12 हजार रुपए की राशि शासन के द्वारा उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है।

इस राशि के माध्यम से महिलाएं अपने जरूरत की सामानों की खरीदी कर सके इसके लिए उनके बैंक खातों का ई केवाईसी अपडेट करना जरूरी है। अब तक पहले चरण में 20 हजार महिलाओं के बैंक खातों का ई केवाईसी हो चुका है। शेष 2 लाख 80 हजार महिलाएं अभी कतार में हैं। राज्य शासन की आदेश के अनुसार 1 अप्रैल से 30 जून के बीच बैंक खातों के ई केवाईसी का काम कराया जाना है। इसे लेकर भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ोदा, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक देना बैंक बैंक ऑफ़ इंडिया बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र समेत छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों में भी ई केवाईसी अपडेट करने को लेकर महिलाओं की बैंकों में लंबी लाइन नजर आ रही है, जहां महिलाएं महतारी वंदन योजना के तहत ई केवाईसी करने सुबह से पहुंच गए थे। योजना के तहत ई केवाईसी करने के लिए बैंक का आधार कार्ड बैंक खाता नंबर एवं जरूरत के हिसाब से राशन कार्ड भी मांगे जा रहे हैं ताकि योजना के तहत महिलाएं ई केवाईसी कर सके। योजना के तहत 23 से 60 वर्ष तक की महिलाओं को इसका लाभ दिया जा रहा है।



च्वाइंस सेंटर में ई केवाईसी कराने पहुंची महिलाएं।

#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी जिम्मेदारी

ई.केवायसी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मैदानी स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है जो महिलाओं को इस बारे में जानकारी देने का काम रही है। बताया जाता है कि रायगढ़ जिले के 3 लाख महिलाओं को पात्रता के अनुसार महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनमे से पहले चरण के तहत महज 20 हजार महिलाओ के बैंक खातो का ई.केवायसी अपडेट हो पाया है जबकि अभी 2 लाख 80 हजार महिलाओ के खातो का ईकेवायसी करना बाकी है। इधर शासन के द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत लाभ लेने वाली महिलाओ के लिए ईकेवायसी अपडेट अनिवार्य कर दिया गया हैए जिसके कारण बैंकों में ई.केवायसी कराने महिलाओं की भीड नजर आ रही है।

#### सर्वर डाउन होने से बढ़ी समस्या

जिले के कई बैंकों में आए दिन सर्वर डाउन की समस्या बनी रहती हैए जिसके कारण खाताधारकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर महतारी वंदन योजना के तहत बैंक खातों का ईकेवाईसी जरूरी हो गया हैए जिसके कारण महिलाएं बैंक पहुंचकर खाता अपडेट कर रहे हैं वही सर्वर डाउन की समस्या के कारण महिलाओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो ई केवाईसी के पूर्व फॉर्म भरकर उसे जमा करना रहता है। इसके बाद संबंधित कर्मचारी बैंक खातों का ई केवाईसी करते हैं।

महतारी वंदन योजना के तहत लाभ लेने वाली महिलाओं के बैंक खातों का ई केवाईसी करना जरूरी है। इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आदेशित किया गया है। जिले में 2 लाख 80 हजार महिलाओं के बैंक खातों की ई केवाईसी होनी है।

**एलआर कच्छप**
**डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग।**

# बाबा साहब डा.अंबेडकर का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 136 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित मैराथन दौड़ को वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री चौधरी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोटि कोटि नमन किया है।

उन्होंने कहा उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को परिवर्तन का प्रभावशाली माध्यम बनाकर शोषितों, मजदूरों व किसानों को उनके हक दिला तथा समानता, न्याय और मानवीय सम्मान की दृढ़ नींव स्थापित की। उनका जीवन आज भी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और देशसेवा का उज्ज्वल पथ हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने बाबा साहब को किया याद



**कोसीर।** अम्बेडकर चौक सहित आसपास अंचल के गांव गांव में बडे ही हरषोउल्लास के साथ बाबासाहेब की 135 जयंती मनाई गई। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण ग्रामवासियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धां के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। कोसीर के नावातरिया पारा में भी भाजपा कार्य करता हीरालाल पटेल की अगुआई मे बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नवरोतम सोनवानी ज्योति चन्द्रा सनत चन्द्रा राजकूमार बनज हीरा लाल पटेल सहित गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब ने हर वर्ग व धर्म को दिया अधिकार : सोमती

**पुसौर।** डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ग्राम कांदागढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच सोमती सिदार ने कहा कि बाबा साहब एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने संविधान में हर वर्ग और हर धर्म के लिए हक अधिकार दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए 5 फरवरी 1951 को हिंदू कोड बिल प्रस्तुत किया। जिसमे हिंदू महिलाओं को समस्त सामाजिक शोषण से मुक्त कराया लिंग भेद को मिटाकर महिलाओं को पुरुषों के समकक्ष दर्जा प्रदान कर समस्त अधिकारों को दिया और यह किसी एक वर्ग के महिलाओं के लिए नहीं था। कार्यक्रम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ओडिशा बार्डर में उड़ रहे सफेद धुएं से परेशान हैं ग्रामीण व राहगीर

**पुसौर।** जिला मुख्यालय रायगढ़ से लगभग 20 किमी दूर रेंगालपाली ओड़िशा बार्डर में दिन में 2-3 बार सफेद धुंआ ऐसा छा जाता है कि आते जाते राहगीर तो परेशान होते ही हैं वहीं समीपस्थ रहवासियों को इस धुंआ का असर विपरीत प्रभाव डालने का खबर प्रकाश में आया है। क्षेत्रीय ग्रामीण जन इस धुंऐ का आदि हो जाने तथा संबंधित प्रबंधन से इनका रोजी रोटी चलने की वजह से मुखर हो कर इसका विरोध दर्ज नहीं कर पा रहे हैं।

आए दिन उड़ रहे इस धुआं को रोकने के लिए ग्रामीण जनों ने कई बार संबंधित प्रबंधन को सलाह दी थी कि यदि चिमिनी को 20 फिट और उपर ले जाते तो शायद यह धुंआ उपर ही फैलता और वह नीचे नहीं आ पाता लेकिन इस सुझाव को प्रबंधन ने प्राथमिकता नहीं दिया और पिछले कई वर्षो से यह लगातार दिन में 2-3 बार धुंआ उड़ रहा है और लोग परेशान हैं। बताया जाता है कि एनएच रोड से कुछ ही दूर कोई निजी व्यवसायिक प्रतिष्ठान है जहां चुना पत्थर को लाया जाता है और उसे चुने में तब्दील की जाती है जिसका धुंआ प्रायः दिन में 2-3 बार उड़ता है। इस धुंऐ के बीच सांस लेने से थोडे देर के लिए आते जाते राहगीरों को एक बैचेनी महसूश होती है। जानकारी के मुताबिक इस व्यवसायिक प्रतिष्ठान में आस पास के ग्राम रेंगालपाली, ठेंगापाली, बडमाल, उडीसा कनकतुरा सहित अन्य कई ग्राम के दर्जनों लोग काम करते हैं। उनकी माने तो यह चुना पत्थर मिश्रित धुंआ है इस धुंए के संबंध में पुसौर स्वास्थ्य अमला प्रमुख बीएमओ डा. विनोद नायक ने बताया कि चुना मिश्रित धुंआ स्वास्थ्य के लिए हितकर नहीं हो सकता। और इसके विशेष जानकारी स्वांस एक्सपर्ट डाक्टर दे सकते हैं।



## एसईसीएल भू अर्जन, प्रभावितों ने रखी अपनी मांगे

- अफसरों को ज्ञापन सौंपकर न्यायोचित पहल की मांग



**घरघोड़ा।** ग्राम कुर्मीभौना, पोरडी और पोरडा में भू अर्जन की धारा सन् 2008-09 से लगाकर 2024 से जमीन और घर का सर्वे किया जा रहा है, यहां भू अर्जन की प्रक्रिया चल रही है परंतु आज तक पूर्ण नही हो पाने को लेकर प्रभावित लोगों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने भू अर्जन की राशि जिस वित्तीय वर्ष के बाजार भाव से गणना की गई है। उस वर्ष के पश्चात भू अर्जन राशि प्रदाय माह तक की अंतराल समय का 12 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर भू-अर्जन की राशि प्रदान करने की मांग उन्होंने की है। उनके अनुसार 2010 के अनुसार भू-अर्जन की गणना की जा रही है और अप्रैल 2026 में भू-अर्जन की राशि प्रदान की जाती है तो 16 वर्ष की अंतराल और मकान की गणना 2019-20 के अनुसार की जाती है तो 7 वर्ष की अंतराल होती है इसलिए जमीन की ब्याज 16 वर्ष और घर परिसम्पति की ब्याज 7 वर्ष की चक्रवृद्धि ब्याज से गणना करके भू-अर्जन की राशि प्रदान करने की मांग की गई है। ग्रामीणों के मुताबिक ब्याज की आवश्यकता इसलिए है क्योंकि ग्राम बरौद का जमीन व परिसम्पत्ति का भू-अर्जन वर्ष 2009-10 में किया गया था जिसमें प्रति एकड़ 06 लाखए 08 लाख और 10 लाख की दर से जमीन का भू-अर्जन राशि के रूप में भुगतान किया गया था। विशेष बात यह है कि कुर्मीभौना पोरडी और पोरडा ग्राम का मुआवजा 2026 में मिलने की संभावना है। इस तरह से 2010 और 2026 के मध्य मे अंतराल 16 वर्ष पश्चात भी जमीन का मुआवजा राषि 06 लाख, 08 लाख और 10 लाख प्रदान किया जा रहा है जो कि असंगत है। इधर इन 16 वर्षो में तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ के भूमि की दर कई गुना बढ़ गई है इसलिए 16 वर्ष अंतराल का 12 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर मुआवजा देना न्यायोचित होगा। इसी प्रकार से अन्य मांगों पर विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा है कि उपरोक्त समस्या और मांग पर निदान, भावनात्मक विचार एवं शासन के नियमानुसार 100 प्रतिशत लाभ देते हुए 45 दिन में समस्त मुआवजा प्रक्रिया को पूर्ण करें। इस अवधि में पूर्ण नही होने पर पूर्व सर्वे व भू-अर्जन की धारा को शून्य घोषित करने की कार्रवाई किया जाए।

## पोषण पखवाड़ा, 23 तक चलेगी विविध गतिविधियां

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 9 से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृत्व एवं शिशु पोषण को सुदृढ़ बनाना तथा समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत शून्य से 3 वर्ष तक के बच्चों के समुचित विकास के लिए प्रारंभिक उत्प्रेरण गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है, वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही स्क्रीन टाइम कम करने तथा बच्चों के समग्र विकास में पालकों एवं समुदाय की भूमिका को सशक्त बनाने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पखवाड़ा के दौरान जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत एवं आंगनबाड़ी स्तर पर प्रतिदिन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों की प्रविष्टि जन आंदोलन डैशबोर्ड पोर्टल पर भी की जा रही है।



## चंद्रपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 19 को

**चंद्रपुर।** डॉ. आर पटेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा मरवाड़ी युवा मंच चंद्रपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 अप्रैल रविवार को निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अग्रसेन भवन चंद्रपुर में आयोजित होगा। इस शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में यूरोलॉजी, जनरल सर्जरी एवं हड्डी जोड़ से संबंधित रोगों के इलाज हेतु अनुभवी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। शिविर में डॉ. अजीत पटेल यूरोलॉजी विशेषज्ञ, डॉ. अजय चौधरी जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन तथा डॉ. विमल नायक ऑर्थोपेडिक्स सर्जन अपनी सेवाएं देंगे। मरीजों को किडनी, पथरी, यूरिन इन्फेक्शन, पेट व सर्जरी से जुड़ी समस्याएं, हड्डी एवं जोड़ों के दर्द सहित विभिन्न बीमारियों पर परामर्श दिया जाएगा।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### जेपीएल तमनार में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

## बुझाने से अच्छा है आग लगने ही न दें : एमडी

**रायगढ़।** जिंदल पावर प्लांट तमनार में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ जेपीएल प्लांट के एमडी प्रदीप कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री मिश्रा ने कहा कि आग लगने के बाद बुझाने से अच्छा है कि ऐसा प्रयास करें कि आग कहीं लगे ही नहीं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की समुचित व्यवस्था पहले ही कर लें और रोक थाम का प्रयास करें।

एमडी प्रदीप्ता कुमार मिश्रा ने कहा कि यदि कहीं पर तेल का रिसाव हो रहा है और आग लगने की आशंका हो ऐसी स्थिति को विभागीय अधिकारी पहले ही समझ लें तो बेंहतर है क्योंकि जब पहले से जानकारी हो जाएगी तो आगजनी जैसी घटना को होने से पहले ही रोका जा सकता है। एमडी मिश्रा ने फायर एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अधिकारियों को कहा कि वे केवल फायर एंड सेफटी ही नहीं बल्कि हर एक विभाग के कर्मचारियों को आगजनी से बचाव के लिए प्रशिक्षित करें। प्लांट के कार्यकारी निदेशक जी वेंकटरेड्डी ने कहा कि आग से सुरक्षा व बचाव केवल एक विभाग की नहीं बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस वर्ष की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल, अग्नि सुरक्षा जागरूक समाज, मिलकर करें अग्नि की रोकथाम विषय पर जानकारी दी। इससे पहले राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर अग्नि सुरक्षा के दौरान कर्तव्य की पंक्ति में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर अग्निशामकों को याद किया गया। संचालन अग्निषमन अधिकारी बरूण झा ने किया। कार्यक्रम में जीएम सीएचपी अमित पांडेय, सीएसओ धर्मेंद्र सिंह मलिक, राजऋषि गुप्ता सहित अग्निशमन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।




#### लाइव फायर रेस्क्यू डेमो प्रस्तुत किया गया

कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा के लिए सतर्कता, तैयारी और टीमवर्क के महत्व को रेखांकित किया गया। वरिष्ठ नेतृत्व ने कर्मचारियों को सुरक्षा और सजगता की संस्कृति को और मजबूत बनाने हेतु उत्कृष्ट कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन उन्नत अग्निशमन उपकरणों के प्रदर्शन और निरीक्षण के साथ हुआ, जिसके बाद लाइव फायर रेस्क्यू डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें हमारी फायर सेफ्टी टीम की दक्षता और समर्पण का प्रदर्शन किया गया।

## ऐतिहासिक रामलीला में अब नए प्रसंग और प्रदर्शन



**पुसौर।** पुसौर में सैकडों वर्षो से मंचन होते चला रहा रामलीला इन दिनों जहां नए नए प्रसंगों का इजाद किया जा रहा है वहीं उसके अनुरूप प्रदर्शन भी हो रहे हैं। जिससे युवाओं में रामलीला मंचन के प्रति एक नवीन उत्साह देखने को मिल रहा है जिससे नगर के हृदय स्थल तथा कथित जगन्नाथ मंदिर परिसर में लोगों का जमावडा होता रहा है। विगत दिवस नगर उपाध्यक्ष उमेश साव के अगुवाई में रामलीला मंचन का उद्घाटन हुआ। जिसमें रामलीला समिति अध्यक्ष बैकुण्ठ गुप्ता के व्यवस्था में नगर के गणमान्य लोग शामिल रहे। ताड़का सुबाहु राक्षसों के वध से नाटक का शुरूआत होता है और दूसरे दिन माता जानकी का स्वयंबर होता है इसी क्रम में नाटक का मंचन हुआ और बीते रविवार को भगवान रामजी का विवाह संपन्न हुआ। जिसका बारात प्रदर्शन की तैयारी चंदन तालाब मैदान में की गई और वहां से भारी भरकम डीजे साउंड और बाजा गाजा के साथ भगवान राम का बारात रामलीला मंडप में पहुंचा। इस बीच कई घरों में भगवान राम जी के पैर पखारे गए और उनका अभिवादन कर उनका स्वागत किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त